# लिंक एक्सप्रेसवे व सहजनवा में स्थापित होंगी 219 यूनिटें

**गीडा**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** लिंक एक्सप्रेव वे के एंट्री प्वाइंट और सहजनवा में गीडा के विभिन्न सेक्टरों में छोटी-बड़ी 219 यूनिटें स्थापित होंगी। गीडा द्वारा आमंत्रित आवेदन में निवेशकों के लिए 1000 से लेकर 20 हजार वर्ग मीटर एरिया के औद्योगिक भूखंड उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही डेढ़ सौ से अधिक आवासीय भूखंड के लिए भी आवेदन निकाला गया है। 15 अगस्त तक आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है।

गीडा की तरफ से सेक्टर 13, 15 और 27 में आवेदन निकाला गया है। इसके साथ ही सेक्टर 27 में गारमेंट पार्क में 39 भूखंड और सेक्टर 28 में प्लास्टिक पार्क में 31 भूखंडों के लिए आवेदन निकाला गया है। सर्वाधिक भूखंड 1001 से लेकर 4000 वर्ग मीटर एरिया में है। इस कैटेगरी में 104 औद्योगिक भूखंड की उपलब्धता है। इसी क्रम में 1000 वर्ग मीटर तक के 88 भूखंड उपलब्ध है। 4001 से लेकर 20 हजार वर्ग मीटर एरिया के 22 और 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक एरिया के 4 औद्योगिक भूखंड उपलब्ध हैं। इसी क्रम में सेक्टर 23 में 17 भूखंड आवासीय उपलब्ध है। वहीं सेक्टर 11 में 63 भूखंड आवासीय उपलब्ध है। सेक्टर 11 में व्यावसायिक योजना में कुल 67 भूखंड के लिए गीडा ने आवेदन मांगा है।

> कालेसर जीरो प्वाइंट और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस से सिर्फ 3 किमी की दूरी पर व्यावसायिक और औद्योगिक भूखंड के लिए आवेदन मांगा गया है। कई बड़े निवेशकों ने जमीन की डिमांड की गई है। उपलब्धता के आधार पर उन्हें जमीन का आवंटन किया जाएगा।
>
> **- अनुज मलिक, सीईओ, गीडा**

**व्यावसायिक भूखंडों की होगी नीलामी:** गीडा ने कालेसर जीरो प्वाइंट पर व्यावसायिक भूखंडों के लिए आवेदन मांगा है। आवंटन नीलामी के जरिये होगा। आवासीय भूखंडों का आवंटन ई-लाटरी से होगा। इच्छुक 21 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।